हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 25 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

4 मुख्यमंत्री ने किया वर्चुअल लोकार्पण रायगढ़ को मिले तीन महतारी सदन





## खाद्य पदार्थों के सैंपल की अब तक नहीं आई रिपोर्ट

# क्या आप भी मार्केट से खरीदकर खा चुके हैं नकली मिठाई..? जिम्मेदारों के पास नहीं है कोई जवाब..!

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

त्योहारी सीजन सहित अन्य अवसरों पर शहरवासियों ने मार्केट से खूब मिठाई खरीदी, होटलों में तरह-तरह के खाने खाए, लेकिन उक्त खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता क्या थी, कहीं वो मिलावटी, नकली या खराब तो नहीं थे, इसके सेवन से उनके स्वास्थ्य पर कहीं बुरा असर तो नहीं पड़ा, इस बात का जवाब जिम्मेदार अधिकारियों के पास भी नहीं है। स्वास्थ्य विभाग के फूड एंड सेफ्टी अफसरों द्वारा जिले में बने खाबो-बने रहिबो अभियान तो चलाया गया, लेकिन होटलों, रेस्टोरेंट, प्रतिष्ठानों से लिए गए खाद्य पदार्थों के सैंपल का दो माह बाद भी रिपोर्ट नहीं आया है। जिससे यह अभियान सिर्फ ढकोसला बन कर रह गया है।

दरअसल बाजार में नकली मिठाई, मिलावटी दूध व पनीर सहित अन्य खाद्य पदार्थ धड़ल्ले बिक रहे हैं। इसकी जांच करने का जिम्मा स्वास्थ्य विभाग के फूड एंड सेफ्टी अफसरों का है, लेकिन वो फिल्ड और ऑफिस दोनों जगह कभी कभार ही नजर आते हैं। जनवरी से अब तक मकर संक्रांति, गणतंत्र दिवस, महाशिवरात्रि, होली, रामनवमी, हनुमान जयंती, बुद्ध पूर्णिमा, रथ यात्रा, रक्षा बंधन, कृष्ण जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी जैसे पर्व बीत चुके हैं। इस दौरान मार्केट में जमकर मिठाइयों की बिक्री हुई है। जिनमें नकली खोवा, मिलावटी दूध का उपयोग भी धड़ल्ले से हुआ है। क्योंकि इन त्योहारों के मद्देनजर पहले ही मिलावटखोर सक्रिय हो गए थे। ऐसे में कुछ माह पूर्व शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में बने खाबो-बने रहिबो अभियान चलाया गया। वहीं शहर सहित जिले के होटलों, डेयरी, प्रतिष्ठानों से संदिग्ध खाद्य पदार्थों का सैंपल लेकर उसे जांच के लिए रायपुर लैब भेजा गया। खास बात यह है कि दो माह बाद भी किसी भी सैंपल का रिपोर्ट विभाग को नहीं मिला है। जिससे यह अभियान सिर्फ दिखावा बन कर ही रह गया है।




### जब संदेह है तो बिक्री पर क्यों नहीं लगाते रोक..?

यहां गौर करने वाली बात यह है कि जिस भी खाद्य पदार्थ पर फूड एंड सेफ्टी अफसरों को मिलावट या नकली होने का संदेह होता है उसी का सैंपल लिया जाता है, लेकिन सैंपल रिपोर्ट आने तक उक्त संदेहास्पद खाद्य पदार्थों की बिक्री धड़ल्ले से जारी रहती है। रिपोर्ट आने में कई माह लग जाते हैं तब तक लोग उक्त खाद्य पदार्थों का उपयोग कर चुके होते हैं। जिससे भले ही लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़े, लेकिन विभाग के अधिकारियों को कोई फर्क नहीं पड़ता है। नियमतः देखा जाए तो जिस भी खाद्य पदार्थों का सैंपल लिया गया है उसका रिपोर्ट आने तक उसकी बिक्री पर रोक लगा देना चाहिए।

### इन स्थानों से लिए गए सैंपल का अब तक नहीं आई रिपोर्ट

| ब्लॉक | प्रतिष्ठान | खाद्य पदार्थ |
|---|---|---|
| धरमजयगढ़ | राजस्थान होटल ग्राम ऐडु | खोवा पेड़ा व कुंदा |
| खरसिया | गोकुल रेस्टोरेंट, पुत्री शाला रोड | मलाई बर्फी व राजभोग |
| खरसिया | माधव प्रिया होटल डभरा रोड | पनीर व छेना चमचम |
| रायगढ़ | भगवती डेयरी, सत्तीगुढ़ी चौक | पनीर व दही |
| रायगढ़ | बीकानेर स्वीट्स, सत्तीगुढ़ी चौक | बेसन लड्डू व मैसूर पाक |
| रायगढ़ | कामदेव डेयरी, कालिंदीकुंज | खोवा, बूंदी लड्डू व मिल्क केक |
| सारंगढ़ | सूरज होटल, बस स्टैंड सारंगढ़ | बूंदी लड्डू व छेना चमचम |
| सारंगढ़ | राजेन्द्र होटल, बस स्टैंड सारंगढ़ | मीठा खोवा व केसर पेड़ा |
| रायगढ़ | अंगीठी रेस्टोरेंट, छातामुड़ा बाइपास | दाल, राइस व ऑनियन ग्रेवी |
| पुसौर | अन्नपूर्णा स्वीट्स, जपं के सामने | मीठा खोवा व गोंद लड्डू |
| पुसौर | प्रधान होटल, बोरोडीपा चौक | छेना चमचम व बूंदी लड्डू |

बने खाबो-बने रहिबो अभियान के तहत हमनें खाद्य पदार्थों का सैंपल लेकर जांच के लिए रायपुर स्थित लैब भेज दिया है, लेकिन किसी का भी रिपोर्ट अब तक नहीं आया है। क्योंकि उक्त लैब में 27 जिलों से सैंपल जाता है, इसलिए रिपोर्ट आने में देरी होती है।

**सरिता पटेल**
फूड एंड सेफ्टी अफसर।

## खबर संक्षेप



### एसपी ने तमनार थाने का किया वार्षिक निरीक्षण

**रायगढ़।** बुधवार को एसपी दिव्यांग कुमार पटेल ने थाना तमनार का वार्षिक निरीक्षण किया। थाना प्रभारी निरीक्षक कमला पुसाम ठाकुर ने सशस्त्र जवानों के साथ उन्हें सलामी दी। निरीक्षण के दौरान परेड में शामिल जवानों की वेशभूषा और राइफल एक्सरसाइज की सराहना करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जवानों को पुलिस अधीक्षक ने पुरस्कार देकर उत्साहित किया। उन्होंने थाने के मालखाना, सीसीटीएनएस कक्ष, बंदीगृह एवं विवेचक कक्ष का निरीक्षण किया और सभी रजिस्टरों का बारीकी से अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विवेचना संबंधी बैठक लेकर लंबित शिकायतों, अपराध, मर्ग और जप्ती माल के समय पर निस्तारण तथा समंस, वारंट की शत प्रतिशत तामिली सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को अनुशासन में रहकर आम जनता के साथ मधुर व्यवहार बनाए रखने की हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर का भ्रमण कर कर्मचारियों व उनके परिजनों से भेंटवार्ता की और ड्यूटी में आ रही समस्याओं की जानकारी भी ली।

### एनटीपीसी में स्वास्थ्य जांच शिविर लगा

**घरघोड़ा।** तलईपल्ली कोयला खनन परियोजना द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत सफाई मित्रों के लिए एक विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सतर्कता जागरूकता अभियान के अंतर्गत सभी उपस्थितजनों द्वारा सतर्कता प्रतिज्ञा ग्रहण करने से हुई। इससे कर्मचारियों में पारदर्शिता और ईमानदारी के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया। प्रतिज्ञा के पश्चात एनटीपीसी तलईपल्ली के चिकित्सकों की टीम द्वारा सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान रक्तचाप, शुगर, सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण सहित अन्य परामर्श दिए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अखिलेश सिंह, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी तलईपल्ली उपस्थित रहे। उन्होंने सफाई मित्रों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें समाज की वास्तविक रीढ़ बताया। साथ ही उन्होंने सभी सफाई मित्रों से अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने का आग्रह किया। शिविर में सफाई मित्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया, जिनमें महिलाओं की संख्या उल्लेखनीय रही। महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी कर स्वास्थ्य जांच की पहल को सफल बनाया।

### जिले में 1315.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 24 सितम्बर तक 1315.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 30.1 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1572.1 मिली मीटर, पुसौर में 1487.7, खरसिया में 1194.7, घरघोड़ा में 1284.6, तमनार में 1065.5, लैलूंगा में 1113.9, मुकडेगा में 1514.3, धरमजयगढ़ में 1027.2, छाल में 1222.7 एवं कापू में 1668.4 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### बाइक चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**सक्ती।** मोटरसायकल चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला सक्ती थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 22 सितंबर को नंदेलीभांठा निवासी वनरक्षक रूपेन्द्र सिंह सिदार द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि मोटरसायकल बजाज पल्सर को रात्रि में उसके निवास के सामने से अज्ञात चोर ने चोरी कर ली है। जांच के दौरान संदेह के आधार पर संजय सहिस निवासी वार्ड क्रमांक 1 सक्ती को पुलिस ने पकड़ा।

### लारा के आंगनबाड़ी, स्कूल भवन जर्जर, दो पाली में लग रही क्लास

**पुसौर।** ग्राम लारा के शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक भवन जर्जर हो चुका है जिसके कारण यहां के विद्यार्थी दो पाली में स्कूल प्रवेश कर रहे हैं। वहीं उक्त ग्राम का आंगनबाड़ी भवन भी जर्जर हो चुका है, जिसके कारण यहां के कार्यकर्ता द्वारा बच्चों को परछी में ले जाकर केन्द्र संचालित करना पड़ रहा है। यहां के सरपंच गोविन्द गुप्ता के मुताबिक स्कूल भवन के जर्जर होने की सूचना व नव निर्माण के लिए एनटीपीसी लारा तथा शासन के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया जा चुका है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। जिसके कारण छात्रों एवं बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सूत्रों की मानें तो उक्त स्कूल भवन का निर्माण कुछ राजनीतिक कारण व अधिकारियों की मनमानी के कारण नहीं हो पा रहा है।



## घरघोड़ा पुलिस ने तीन बैटरी चोरों को दबोचा

**रायगढ़।** घरघोड़ा पुलिस ने चोरी की वारदातों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पंप हाउस और मोबाइल दुकान से बैटरी चुराने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी गई कुल तीन बैटरियां बरामद की गई हैं, जिनकी कीमत लगभग 28 हजार रुपए है। दरअसल रिपोर्टकर्ता कैलाश कुमार परस्ते ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि महावीर एनर्जी एंड कोल बेनिफिकेशन लिमिटेड भेंगारी स्थित पंप हाउस में लगे दो नग एक्साइड कंपनी की 12 वोल्ट बैटरियां को किसी ने पार कर दिया है। इसी दिन ग्राम पाकादरहा निवासी रिपोर्टकर्ता राजेश खांडे ने भी शिकायत की कि उसके नावापारा टेंडा स्थित मोबाइल दुकान से शटर तोड़कर एक नग एक्साइड और एक नग एमरान कंपनी की 12 वोल्ट बैटरियां चोरी कर ली गईं। दोनों ही घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया। मुखबिर सूचना पर पुलिस ने संदेहियों शशिकांत चिकवा, छमेश राठिया और दिनेश राठिया तीनों निवासी ग्राम नावापारा टेंडा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में तीनों ने दोनों स्थानों पर मिलकर चोरी करना स्वीकार किया।

## युवक की मौत मामले में निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर आज चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत माइकल मिंज की संदेहास्पद मौत मामले में निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर गुरुवार को मृतक के परिजन व ग्रामीण नयापारा चौक रैरुमाखुर्द में चक्काजाम करेंगे। इस संबंध में उन्होंने पहले ही जिला कलेक्टर को सूचना दे दी थी। दरअसल धरमजयगढ़ के रैरुमाखुर्द में 1 सितंबर की रात माइकल मिंज अपने घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। अगले दिन उसका शव गांव के खेत के पास एक पेड़ पर लटका मिला। परिजनों और ग्रामीणों ने इस घटना को संदिग्ध बताते हुए हत्या का आरोप लगाया। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना देने के बाद भी पुलिस ने अच्छी तरह से इसकी पड़ताल नहीं की। इस संबंध में परिजनों ने कई बार थाने में शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद मामले में निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर कलेक्टर और एसपी को भी ज्ञापन सौंपा गया, फिर भी कोई रिस्पांस नहीं मिला। ऐसे में परिजन व स्थानीय ग्रामीण गुरुवार को नयापारा चौक रैरुमाखुर्द में धरना प्रदर्शन और चक्काजाम करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक मामले में निष्पक्ष जांच नहीं होती आंदोलन जारी रहेगा।



## आशियाना तोड़कर कॉलोनी में कराया शिफ्ट, मूलभूत सुविधाएं नजरअंदाज

**एक ही बोरपंप से नहीं बूझ रही लोगों की प्यास, शौचालय का पाइप फटा, गंदगी नहीं आ रही रास**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चार माह पहले जिला प्रशासन ने मरीन ड्राइव बनाने के नाम पर प्रगतिनगर, जेलपारा स्थित सैकड़ों गरीबों के आशियानों को बलपूर्वक ढहा दिया और उन्हें पक्का मकान देने की वाहवाही बटोर कर खंडहर में तब्दील मां विहार कॉलोनी में शिफ्ट कर दिया। इसके बाद इस ओर किसी भी जिम्मेदार अधिकारी या जनप्रतिनिध ने नहीं झांका। यहां के लोग मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। एक ही बोरपंप से उनकी प्यास नहीं बूझ पा रही है। शौचालय का पाइप फट जाने से जगह-जगह मल निकल रहे हैं। पूरे परिसर में गंदगी का आलम है। इन्हीं सभी चीजों को देखते हुए कॉलोनीवासियों ने महापौर से मिलकर शिकायत की है।

दरअसल मां विहार कॉलोनी के अधिकांश मकानों की हालत जर्जर हो चुकी है। यहां के निवासियों का कहना है कि यह घर टूटे फूटे और असुरक्षित हैं। सीपेज की वजह से बारिश होने पर दीवारों और छतों से लगातार पानपी टपकते रहता है। कई घरों में दरारें तक पड़ चुकी हैं। लोगों ने कहा कि उनका आशियाना तोड़कर उन्हें यहां रहने के लिए जगह तो दिया, लेकिन यहां रहना उन्हें रास नहीं आ रहा है।



### पानी की समस्या से जूझ रहे लोग


निगम की कॉलोनी होने के बावजूद अब तक यहां अमृत मिशन का पानी नहीं पहुंचा है। 156 परिवार मात्र एक बोर पंप पर ही निर्भर हैं। जिसमें नियमित रूप से पानी भी नहीं आता है। कभी-कभी तो हालात ऐसे हो जाते हैं कि पीने के लिए पानी खरीदना पड़ जाता है। इस तरह लोगों को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है।

### गंदगी और मच्छरों ने बढ़ाई परेशानी

कॉलोनी का पूरा माहौल गंदगी से भरा हुआ है। यहां शौचालय का पाइप फटने से गंदगी का आलम है। बदबू से लोगों का जीना हराम हो गया है। नालियां जाम हैं और चारों तरफ कचरा फैला हुआ है। घास फूस और झाड़ियों की वजह से सांप बिच्छू निकलने का भी खतरा बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गंदगी और जलभराव के कारण मच्छरों की संख्या भी बढ़ गई है, जिससे डेंगू, मलेरिया फैलने का खतरा बना हुआ है।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड़ , काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444

लीला देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एण्ड फार्मेसी
• बी एससी नर्सिंग* • डी फार्मेसी*
प्रस्तावित सत्र 2025-26 हेतु




विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा
सर्वोत्तम खेल परिसर एवं सुविधाएं
छात्रावास एवं परिवहन सुविधा
अत्यधिक सुसज्जित प्रयोगशालाएं
5000 पुस्तकों से युक्त समृद्ध पुस्तकालय
हरा और हाईटेक परिसर
योग्य एवं अनुभवी संकाय
108 बिस्तरों वाला पेरेंट हॉस्पिटल
मुख्य परिसर
लीलास नॉलेज पार्क, ब्लॉक - ए, बी, सी, ग्रेटर रायपुर, मोतीपुर, तह.-पाटन, जिला-दुर्ग
सिटी परिसर
लीलास फाउंडेशन फॉर एजुकेशन एंड हेल्थ, मुखर्जी हॉस्टल के पीछे संस्थागत क्षेत्र, गवर्नमेंट साइंस कॉलेज, रायपुर
91318 80895, 97706 60186, 70241 25200

## खबर संक्षेप

### बाढ़ आपदा पर माक ड्रिल आज

**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण जिला जशपुर के संयुक्त तत्वावधान में 25 सितम्बर 2025 दिन गुरूवार, को मयाली नेचर कैंप तहसील कुनकुरी में समय प्रातः 10.00 बजे एवं ईब नदी, हस्तिनापुर पुल, ग्राम हस्तिनापुर, नारायणपुर रोड़ तहसील कुनकुरी में समय दोपहर 11.00 बजे बाढ़ आपदा पर मोक ड्रिल आयोजित किया जायेगा। जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी नागरिको को सूचित कर बताया गया है कि यह मोक ड्रिल आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने तथा जनता को जागरूक करने के उदेश्य से आयोजित किया जा रहा है।

### जिले में 01 जून से अब तक 10376.3 मिमी वर्षा



**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में 01 जून से अब तक 10376.3 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 24 सितम्बर तक की स्थिति में 10195.4 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 84.7 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 1199.6 मिमी, मनोरा में 1297.1 मिमी, कुनकुरी में 1471.4 मिमी, दुलदुला में 636.9 मिमी, फरसाबहार में 790.9 मिमी, बगीचा में 1132.1 मिमी, कांसाबेल में 966.3 मिमी, पत्थलगांव में 931.1 मिमी, सन्ना में 1211.6 मिमी एवं बागबहार में 739.3 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी में दर्ज की गई है।

### ग्रामीण के घर से 90 हजार का अवैध चिरान जब्त

**अम्बिकापुर।** वन परिक्षेत्र वाड्रफनगर की टीम ने ग्राम करमडीहा में छापामार कार्रवाई के दौरान एक ग्रामीण के घर से 35 नग अवैध चिरान बरामद किया है। जब्त चिरान की कीमत 90 हजार रूपए बताई जा रही है। वन अधिकारियों को सोमवार को ग्राम करमडीहा बेंगो निवासी पवन यादव द्वारा भारी मात्रा में अवैध साल चिरान का भंडारण करने एवं आरोपी द्वारा अवैध चिरान को खपाने की तैयारी करने की सूचना मिली थी। सूचना पर उपवन मंडलाधिकारी सीएस मिश्रा के नेतृत्व में विभाग की टीम सर्च वारंट लेकर गांव पहुंची एवं पवन यादव के घर की घेराबंदी कर तलाशी की। पवन ने अपने बच्चे घर के कमरों में विभिन्न आकार के साल के पटरे एवं चौखट छिपाकर रखा था। वनकर्मियों ने कमरों से सारे चिरान को निकाला तो 35 नग अवैध चिरान मिले। एक-एक चिरान की नपाई की गई तो 1.097 घन मीटर लकड़ी मिली जिसकी कीमत 89788 रूपए आंकी गई है।

### शराब के नशे में धुत डॉक्टर का वीडियो वायरल

**जशपुरनगर।** जिले के कांसाबेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ एक डॉक्टर का शराब के नशे में धुत होकर हंगामा करने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में डॉक्टर अनिल भगत, एमबीबीएस, को ग्रामीणों द्वारा जमीन से उठाते हुए देखा जा सकता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि डॉक्टर लगातार शराब के नशे में रहता है और अस्पताल में भी इसी हालत में आता है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि डॉक्टर नाबालिग बच्चों के साथ शराब पीता है और अस्पताल परिसर के पास हंगामा करता है। बताया जा रहा है कि डॉक्टर अपने कमरे में बैठकर शराब पीता है और फिर अस्पताल आकर मरीजों से अभद्रता करता है। इससे अस्पताल में आने वाले मरीजों और ग्रामीणों में भारी नाराज़गी है। स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ द्वारा कई बार उच्चाधिकारियों को लिखित में शिकायत दी गई, लेकिन अब तक कोई सख्त कार्रवाई नहीं हो सकी है। अब जब वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, तो मामले ने तूल पकड़ लिया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जीएस जात्रा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दे दिए हैं।

हाथी ने जंगल में मचाया उत्पात

# मशरूम बीनने गई महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

बगीचा वन परिक्षेत्र के जुरगुम गांव से लगे झिक्की जंगल में मंगलवार की सुबह महिलाओं पर हाथी का हमला मौत बनकर टूटा। मशरूम चुनने गई चार महिलाओं में से 65 वर्षीय गालो बाई पति सोनसाय को हाथी ने सूंड में उठाकर पटक दिया, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं कमला बाई पति दिलसाय घायल हो गईं, जिनका घर पर इलाज चल रहा है। इस बीच एक महिला ने गड्ढे में छिपकर अपनी जान बचाई तो एक अन्य महिला को भी हल्की चोटें आईं।

■ एक घायल, गड्ढे में छिपकर बचाई जान



जंगल में पड़ी महिला की लाश।

**लगातार बढ़ रही मौतें, लेकिन तैयारी नहीं**

जिले में हाथियों के हमलों से लगातार ग्रामीणों की जान जा रही है। बावजूद इसके, अब तक न तो कोई ठोस सुरक्षा योजना बनी और न ही वन विभाग की ओर से कारगर कदम उठाए गए। ग्रामीणों का कहना है कि मौत का यह सिलसिला कब थमेगा, इसका जवाब किसी के पास नहीं है।

### अचानक सामने आया हाथी

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे महिलाएं मशरूम बीनने जंगल पहुंचीं ही थीं कि अचानक हाथी उनके सामने आ धमका। देखते ही देखते उसने हमला बोल दिया। गालो बाई उसकी सूंड का शिकार हो गईं। कमला बाई को भी सूंड में लपेटने की कोशिश की गई, लेकिन वह बाल-बाल बचीं और घायल हो गईं। इस दौरान राधी बाई गड्ढे में कूदकर छिप गईं और किसी तरह जान बचाकर बाहर निकलीं।

### शव सौंपा परिजन को

घटना की खबर मिलते ही प्रभारी रेंजर लक्ष्मी कहर वनकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचीं। उन्होंने पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और बाद में परिजनों को सौंप दिया। ग्रामीणों को मुनादी कर जंगल से बाहर बुलाया गया और कड़ी चेतावनी दी गई कि हाथी की मौजूदगी को देखते हुए कोई भी जंगल का रुख न करे।

## बीईओ ने ली विज्ञान सहायकों की बैठक



बैठक में शामिल विज्ञान सहायक।

**पत्थलगांव।** कलेक्टर रोहित ब्यास के दिशा निर्देश एवं जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में विकासखंड शिक्षा अधिकारी पत्थलगांव के द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पत्थलगांव में विकासखंड पत्थलगांव के समस्त हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के विज्ञान सहायकों का समीक्षा बैठक ली गई।

बीईओ वेदानंद आर्य ने सभी विज्ञान सहायको को प्रति दिवस प्रयोगशाला संचालन करने के लिए कहा प्रयोगशाला की साफ सफाई करने एवं किए गए प्रयोग को पंजीबद करने , बच्चों को प्रयोगशाला के महत्व से अवगत कराना, छात्र छात्राओं को करके सीखने की कला को विकसित कराना उन्हें सप्ताह में एक दिन नजदीक के माध्यमिक शालाओं में विषय अनुसार प्रयोग कक्षा का आयोजन करना एवं किए गए समस्त कार्यों को अनिवार्य रूप से पंजीबद करने के निर्देश दिए गए । कलेक्टर जिला जशपुर के द्वारा दिए गए निर्देशों से भी सभी को अवगत कराया गया इस बैठक से निश्चित रूप से हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों को लाभ मिलेगा । शासन की विज्ञान से संबंधित महत्वपूर्ण योजनाओं को भी विद्यालय में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए( डीएमसी नरेन्द्र सिन्हा ने बताया कि शिक्षको के साथ अधिकारियों के बैठक से उन्हें नई ऊर्जा मिलती है। शासन के नए कार्यक्रम की जानकारी शिक्षको को दीये जाते है।जिसका छात्र छात्राओं को निश्चित ही लाभ होता है।

## हिमालयी अभियान से लौट रही जशपुर की टीम



हिमालयी अभियान में शामिल जशपुर की टीम।

**जशपुरनगर।** हिमालय की ऊंचाइयों पर ऐतिहासिक सफलता दर्ज करने के बाद जशपुर की युवा पर्वतारोहण टीम अब घर लौटने की राह पर है। दल ने मनाली के समीप जगतसुख से वापसी यात्रा आरंभ की है। वहाँ से टीम दिल्ली और रांची होते हुए अंततः जशपुर पहुंचेगी। इस अभियान का नेतृत्व स्वप्निल राचलवार (पहाड़ी बकरा) ने किया, जबकि राहुल ओगरा और हर्ष ठाकुर सह-समन्वयक रहे। अभियान दल में रवि सिंह, तेजल भगत, रूसनाथ भगत, सचिन कुजुर और प्रतीक नायक शामिल रहे। यात्रा के दौरान टीम ने दुहंगन घाटी में आठ नए पर्वतारोहण मार्ग स्थापित किए। इसके साथ ही, जशपुर की आदिवासी टीम ने जगतसुख शिखर पर नया मार्ग खोलते हुए, मात्र 12 घंटे से भी कम समय में आरोहण पूरा कर वापस बेस कैम्प पहुंचा। यह उपलब्धि विशेषज्ञों द्वारा सराहनीय मानी जा रही है।

## कर्मचारियों का ई-केवायसी पूर्ण करने के निर्देश

**जशपुरनगर।** जिला कार्यालय सभाकक्ष में मंगलवार को समय सीमा बैठक का आयोजन सहायक कलेक्टर अनिकेत अशोक की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू भी शामिल थे।

इस अवसर पर समयमान, वेतनमान एवं पेंशन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए इनका जल्द से जल्द निराकरण करने हेतु निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री जनदर्शन, सीएमटीएल, पीएनजी पोर्टल, कलेक्टर जनदर्शन, जनशिकायत के प्रकरणों पर प्रकरणवार चर्चा करते हुए सभी प्रकरणों को समय सीमा के भीतर निराकृत करने को कहा गया। इस अवसर पर सभी विभागों के कर्मचारियों का एम्प्लोयी कॉर्नर में ई केवायसी जल्द से जल्द पूर्ण कराकर डीडीओ द्वारा सत्यापन करने हेतु विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों हेतु लंबित भर्ती प्रक्रिया में समिति द्वारा जांच प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण कराने हेतु जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को समिति की बैठक आयोजित कर प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सहायक कलेक्टर अनिकेत अशोक, एडीएम प्रदीप कुमार साहू, सभी एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक लेते सहायक कलेक्टर।

## कृषि अधिकारी संघ ने किया धरना-प्रदर्शन



**पत्थलगांव, जशपुर।** छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ जिला जशपुर छग के द्वारा अपने 9 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। जशपुर कृषि अधिकारियों ने एकदिवसीय सांकेतिक प्रदर्शन रैली निकालकर कलेक्टर जशपुर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं कृषि मंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा जिसमें छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ जशपुर के जिला अध्यक्ष अविनाश टोप्पो उपाध्यक्ष जगत राम भगत अरुण कुमार साहू महामंत्री सुरेश कुमार सोरेन जिला सचिव इंद्रपाल पटेल संरक्षित रोहित त्रिपाठी कमलेश्वर पैंकरा एवं समस्त ब्लॉक के अध्यक्ष और कृषि अधिकारी उपस्थित रहे।

## बाढ़ आपदा प्रबंधन पर टेबल टॉप अभ्यास, मॉक ड्रिल आज



**रायगढ़।** बाढ़ आपदा प्रबंधन हेतु मॉक ड्रिल की तैयारी के लिए आज जिला कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में टेबल टॉप एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। यह अभ्यास राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, छत्तीसगढ़ राज्य आपदा प्राधिकरण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। राज्य स्तर से वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से बाढ़ आपदा प्रबंधन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। टेबल टॉप एक्सरसाइज के दौरान भारी बाढ़, इमारतों के ध्वस्त होने और गांवों के जलमग्न होने जैसी आपदा परिस्थितियों में नियंत्रण कक्ष के संचालन, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता, राहत शिविरों की पहचान, आपातकालीन सहायता स्थल, स्वास्थ्य केंद्र, अन्य निकासी मार्ग, खोज एवं बचाव, नुकसान का आकलन तथा राहत एवं पुनर्वास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने संबंधित अधिकारियों को बाढ़ आपदा प्रबंधन हेतु मॉक ड्रिल की तैयारी के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार आपदा प्रबंधन की तैयारी को परखने और आम जनता को जागरूक करने के लिए 25 सितंबर को प्रातः 10 बजे पुसौर तहसील के ग्राम चंघोरी एवं सिंगपुरी में मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। संबंधित विभागों के अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है और आम जनता से भी प्रशासन के साथ सहयोग करने की अपील की गई है।

इस अवसर पर सहायक कलेक्टर अक्षय डोसी, अपर कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो, संयुक्त कलेक्टर और प्रभारी अधिकारी राहत और आपदा प्रबंधन राकेश कुमार गोलछा, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती पूजा बंसल, डिप्टी कलेक्टर धनराज मरकाम, जिला सेनानी बी.कुजूर, डीएसपी उत्तम प्रताप सिंह, जिला परिवहन अधिकारी अमित कश्यप सहित पंचायत, स्वास्थ्य, विद्युत, खाद्य और अन्य सहायक विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# गोरखपुर से बाइक चोर गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** सन्ना थाना क्षेत्र से चोरी हुई रॉयल इनफील्ड मोटरसाइकिल को जशपुर पुलिस ने उत्तर प्रदेश से बरामद कर लिया। पुलिस ने गोरखपुर जिले के बेलीपार क्षेत्र से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें सरगुजा जिले के ग्राम नकना निवासी आकाश कुमार 21वर्ष और एक 17 वर्षीय विधि से संघर्षरत बालक शामिल है।

आकाश को जेल भेज दिया गया है, वहीं नाबालिग को बाल संप्रेषण गृह। 10 सितम्बर की रात सन्ना निवासी राकेश गुप्ता की बुलेट क्लासिक 350 क्रमांक सीजी 15 ईसी 9926 उनके घर के बाहर से चोरी हो गई थी। कीमत लगभग 1.50 लाख रुपए बताई गई। पीड़ित की रिपोर्ट पर थाना सन्ना में बीएनएस की धारा 303 (2) (3) (5) के तहत अपराध दर्ज किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने 50 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इसमें सात युवक बाइक को चोरी कर ले जाते दिखाई दिए। तकनीकी टीम और मुखबिरों की मदद से आरोपियों का पता लगाया गया। सुराग मिलने पर विशेष टीम ने सरगुजा व उत्तर प्रदेश में दबिश दी। पुलिस को सूचना मिली कि दो आरोपी चोरी की बाइक लेकर गोरखपुर जा रहे हैं। वे बेलीपार क्षेत्र में मोटरसाइकिल खराब होने पर एक मैकेनिक से मरम्मत करा रहे थे। इसी दौरान जशपुर पुलिस ने स्थानीय पुलिस की मदद से दोनों को धर दबोचा और बाइक बरामद कर ली।



### छह आरोपी फरार तलाश जारी

गिरफ्तार आरोपियों ने अपराध स्वीकार कर लिया है। उनकी निशानदेही पर अन्य छह फरार आरोपियों की पहचान कर ली गई है। पुलिस ने बताया कि सभी की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### जशपुर पुलिस ने किया चोरी का खुलासा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह ने कहा कि जशपुर पुलिस ने प्रोफेशनल तरीके से चोरी का खुलासा किया है। आरोपियों को गोरखपुर से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है और चोरी की मोटरसाइकिल को भी बरामद कर लिया गया है।

## विद्यालयों में शत प्रतिशत उपस्थिति गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर ध्यान दें



**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने जिला कलेक्टोरेट स्थित अपने कक्ष में स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने विभागीय कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने जिले के सभी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता, उपलब्ध सुविधाएँ, पूर्व परीक्षाओं के परिणाम, मध्यान्ह भोजन व्यवस्था, शिक्षक एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति, पोषण शक्ति, उत्कर्ष योजना, त्रैमासिक परीक्षा, रजत जयंती कार्यक्रम और स्वच्छता सेवा पखवाड़ा जैसे प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की।

■ कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के प्रत्येक विद्यालय में शिक्षकों और विद्यार्थियों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा को परिणामोन्मुखी बनाने की दिशा में नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों का उपयोग किया जाए और विद्यार्थियों की रुचि को ध्यान में रखते हुए शिक्षा को रोचक एवं प्रभावी बनाने के लिए गतिविधियों का आयोजन किया जाए। उन्होंने कई विद्यालयों में विद्यार्थियों की कम उपस्थिति पर कहा कि अभिभावकों से संवाद कर बच्चों के विद्यालय न आने के कारणों का पता लगाया जाए और उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया जाए। साथ ही विद्यालयों में समय समय पर स्वास्थ्य परीक्षण और नेत्र जांच शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए ताकि बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ मिल सकें। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षकों का मूल कर्तव्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है और इस दिशा में सभी अधिकारी गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने विशेष रूप से बोर्ड परीक्षार्थियों की तैयारी पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता बताईए ताकि जिले का परीक्षा परिणाम राज्य स्तर पर उत्कृष्ट हो। बैठक में कलेक्टर ने जिले के जर्जर स्कूल भवनों की जानकारी लेकर उनकी सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी केवी राव सहित सभी खंड शिक्षा अधिकारी और बीआरसी अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुफ्त बिजली योजना : अभिनव बने ऊर्जा उत्पादक

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना रायगढ़ जिले के आम नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। इसका सजीव उदाहरण हैं रायगढ़ के जगन्नाथपुरम निवासी अभिनव पटनायक, जिन्होंने इस योजना का लाभ उठाकर खुद को न केवल बिजली बिल के बोझ से मुक्त कियाए बल्कि ऊर्जा आत्मनिर्भरता की नई मिसाल भी कायम की है।

बिजली बिल से आत्मनिर्भरता तक का सफर हितग्राही पटनायक को हर महीने 2500 रुपए से 3000 रुपए तक का बिजली बिल चुकाना पड़ता था, जिससे वे परेशान रहते थे। विभागीय अधिकारी द्वारा उन्हें पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी मिली जिसके बाद उन्होंने अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगवाने का निर्णय लिया। यह निर्णय उनके जीवन के लिए गेम चेंजर साबित हुआ। अब स्थिति यह है कि उनके घर की जरूरत की बिजली सूरज की रोशनी से पूरी हो रही है। सात दिनों में सब्सिडी, आसान प्रक्रिया इस योजना की सबसे खास बात इसकी पारदर्शिता और सरलता है। सोलर पैनल लगवाने के मात्र सात दिनों के भीतर ही अभिनव पटनायक को सरकारी सब्सिडी की राशि सीधे उनके बैंक खाते में जमा हो गई। इस त्वरित प्रक्रिया ने उनका आत्मविश्वास और भी बढ़ाया और योजना की विश्वसनीयता को मजबूत किया।



**लोक कलाकार व बालीवुड गायक बिखेरेंगे सुरों के जादू**

# भक्ति संगीत के साथ जमेगा गरबा उत्सव का रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

आदिशक्ती मां दुर्गा के उपासना का महा उत्सव नवरात्र के अवसर पर शहर के श्री हरिकीर्तन भवन प्रांगण में आयोजित होने वाले गरबा महोत्सव में इस बार देश के प्रसिद्ध गायक अपने सुरीली आवाज का जादू बिखेरते हुए नजर आएंगे। इस बार गरबा में शामिल होने वाले प्रतिभागियों पर भी पुरस्कारों की बारिश होने जा रही है। इन दिनों श्री हरि कीर्तन भवन के प्रांगण में आयोजित अभ्यास सत्र में प्रतिभागी बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं। अक्स ग्रुप के अध्यक्ष सोनू पांडे ने बताया कि अक्स ग्रुप लगातार 21 वें साल भव्य गरबा महोत्सव का आयोजन करने जा रही है। इसकी तैयारी को अंतिम रूप देने में इन दिनों आयोजन समिति के पदाधिकारी और कार्यकर्ता दिन-रात तैयारी में लगे हुए हैं।

■ प्रतिभागियों पर होगी पुरस्कारों की बारिश



### प्रतिभागियों पर होगी इनामों की बारिश

आयोजन समिति अक्स ग्रुप के संयोजक अतुल मुंदड़ा ने बताया कि इस बार गरबा महोत्सव के प्रतिभागियों के लिए आयोजन विशेष होने वाला है। आयोजन के चारों दिन सर्वश्रेष्ठ गरबा नृत्य करने वाले प्रतिभागी को सोने की एक प्रतिमा दी जाएगी। इसी तरह नृत्य में आकर्षक भारतीय परिधान या गरबा नृत्य परिधान पहनने वाले प्रतिभागी को कम्प्यूटर पुरस्कार दिया जाएगा।

### अर्चना गोस्वामी होंगी शामिल

समिति के अध्यक्ष ने बताया कि इस बार गरबा महोत्सव 28 सितंबर से 1 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। इस पांच दिवसीय आयोजन में 28 और 29 सितंबर को झारखंड की प्रसिद्ध गायिका सुनीधि चौधरी प्रस्तुती देंगी। 29 सितंबर को आदर्श गुप्ता और इंडिया गाट टैलेंट शो से चर्चित हुए डा गौतम देवनानी भी जशपुरवासियों से रूबरू होगें। 30 सितंबर और 1 अक्टूबर को प्रसिद्ध गायिका अर्चना गोस्वामी गरबा महोत्सव में शामिल हो कर अपने सुरीली आवाज का जादू बिखेरेगी। इनके अलावा मध्यप्रदेश के बैंजों वादक चिंतामणि,रितेश दुबे और अभिषेक राम भी इस आयोजन से जुड़ेगे।

### जनसमस्याओं के समाधान का माध्यम बना सीएम कैंप

**जशपुरनगर।** आमजनों की समस्याओं के निराकरण के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में स्थापित सीएम कैंप कार्यालय बगिया लोगों के लिए बड़ा सहारा बन कर उभरा है। लोग यहां पर एक उम्मीद के साथ आते हैं और चेहरे पर एक मुस्कान लेकर जाते हैं। लोगों में एक विश्वास जगा है कि मुख्यमंत्री उनके हमदर्द और सुख-दुख के साथी है। आज हुए जनदर्शन में भी सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय पहुंचे थे। रोजाना यहां पर आयोजित जनदर्शन में भारी संख्या में ग्रामीणजन अपनी समस्याओं और मांगों को लेकर पहुंचते हैं। लोगों को अब रायपुर की ओर रुख नहीं करना पड़ रहा है। उनकी इन समस्याओं पर पूरी संवेदनशीलता बरतते हुए त्वरित गति से निराकृत भी किया जाता है। मुख्यमंत्री जब बगिया आते हैं तो, वे स्वयं भी देर रात तक लोगों की समस्याओं को सुनते हैं ।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धरमजयगढ़ जिला-रायगढ़ (छ.ग.)**
ई कोर्ट क्रमांक...../अ-2/2024-2025
ग्राम-खेदापाली

**ईश्तहार**

एतद् सर्व साधारण जनता ग्राम खेदापाली को सूचित किया जाता है कि आवेदिका ललिता कुर्रे पति त्रिलोकी कुर्रे, जाति-सतनाती, निवासी ग्राम खेदापाली, तहसील-छाल, जिला -रायगढ (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र के अन्तर्गत धारा 172 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत ग्राम खेदापाली प.ह.नं.-50 रा.नि.म. छाल तहसील -छाल, जिला रायगढ (छ.ग.) में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 36/3/क/10 रकबा 0.036 हे. भूमि का दस्तावेज सहित आवेदन प्रस्तुत कर आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु व्यपर्वतन आदेश पारित कर पुर्निधारण हेतु निवेदन किया गया है।

उक्त आवेदित भूमि आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु व्यपर्वतन किये जाने में जिस किसी हितबद्ध पक्षकार/व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति वगैरह प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 26.09.2025 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील, मुहर अंकित कर जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**धरमजयगढ़**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धरमजयगढ़ जिला-रायगढ़ (छ.ग.)**
ई कोर्ट क्रमांक...../अ-2/2024-2025
ग्राम-खेदापाली

**ईश्तहार**

एतद् सर्व साधारण जनता ग्राम-खेदापाली को सूचित किया जाता है कि आवेदिका गीता भारद्वाज पति प्रेमप्रकाश भारद्वाज, जाति-सतनाती, निवासी ग्राम खेदापाली, तहसील - छाल, जिला- रायगढ (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र के अन्तर्गत धारा 172 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत ग्राम-खेदापाली प.ह.नं.- 50 रा.नि.मं.- छाल तहसील-छाल, जिला रायगढ (छ.ग.) में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 36/3/क/12 रकबा 0.053 हे. भूमि का दस्तावेज सहित आवेदन प्रस्तुत कर आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु व्यपर्वतन आदेश पारित कर पुर्निधारण हेतु निवेदन किया गया है।

उक्त आवेदित भूमि आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु व्यपर्वतन किये जाने में जिस किसी हितबद्ध पक्षकार/व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति वगैरह प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 26.09.2025 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील, मुहर अंकित कर जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**धरमजयगढ़**



## मस्ती 4 में इस बार होगा विवेक-रितेश आफताब के साथ चार गुना धमाका

**मुंबई।** 'मस्ती 4' के निर्माताओं ने मंगलवार को बहुप्रतीक्षित कॉमेडी फिल्म का टीजर रिलीज कर फैंस को खुश कर दिया है। इस बार पहले से भी ज्यादा पागलपन, मस्ती और दोस्ती देखने को मिलेगी। पोस्ट के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'पहले की थी मस्ती, फिर हुई ग्रैंड मस्ती, फिर ग्रेट ग्रैंड मस्ती, अब होगी मस्ती 4। इस बार चार गुना शैतानी, 4x दोस्ती और 4x कॉमेडी धमाका। अब केवल आपके नजदीकी सिनेमाघरों में 21 नवंबर को रिलीज हो रही है।' 'मस्ती' पहली बार 2004 में रिलीज हुई थी। इंद्र कुमार के निर्देशन में बनी इस कॉमेडी फिल्म में अजय देवगन, विवेक ओबेरॉय, रितेश देशमुख, आफताब शिवदासानी, लारा दत्ता, अमृता राव, तारा शर्मा और जेनेलिया ने अभिनय किया था।

लाइफ Style

# दीपिका

## 9 साल बाद विन संग करेंगी हॉलीवुड फिल्म

ऐसा लग रहा है कि दीपिका पादुकोण के 'कल्कि 2898 एडी 2' से बाहर होते ही जैकपॉट हाथ लगा है। लेटेस्ट रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका को हॉलीवुड फिल्म मिलने की खबर है। माना जा रहा है कि दीपिका की ये अगली हॉलीवुड फिल्म विन डीज़ल के साथ हो सकती है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में खबर आई थी कि दीपिका पादुकोण की बढ़ती डिमांड के चलते उन्हें प्रभास की फिल्म 'स्पिरिट' से संदीप रेड्डी वांगा ने बाहर कर दिया था। इस खबर ने हर सुनने वालों को काफी हैरान किया था। अब पिछले दिनों दीपिका के 'कल्कि 2898 एडी' से बाहर होने की खबर ने भी सबको हक्का-बक्का कर दिया। ये खबर प्रोडक्शन हाउस ने खुद शेयर की थी। अब कहा जा रहा है कि इन फिल्मों से आउट हो चुकीं दीपिका को बड़ी हॉलीवुड फिल्म हाथ लगी है। माना जा रहा है कि दीपिका हॉलीवुड में करीब 9 साल बाद वापसी करने जा रही हैं। चर्चा है कि वो विन डीज़ल के साथ 'एक्सएक्सएक्स' फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म कर सकती हैं। दरअसल, हॉलीवुड स्टार विन डीज़ल ने खुद इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है जिसे देखकर फैन्स मान रहे हैं कि इसमें दीपिका होगीं। विन डिज़ल ने इस पोस्ट में एक्सएक्सएक्स के नए पार्ट का जिक्र किया। इसी के साथ ऐसा इशारा है कि इस बार फिल्म की शूटिंग मुंबई में हो सकती है। उन्होंने पोस्ट में लिखा है, 'शेयर करने के लिए बहुत कुछ है,ऐसी आइकॉनिक कहानियां जो किसी गहरे एहसास से जुड़ी हैं।



हॉलीवुड मसाला



## जिमी किमेल कर रहे वापसी

**लॉस एंजिल्स।** बीते दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी चार्ली किर्क की मौत के बाद चर्चित कॉमेडियन जिमी किमेल लाइव शो को अचानक बंद कर दिया गया था। हालांकि, ये फैसला एबीसी नेटवर्क ने लिया था, क्योंकि जिमी किमेल ने चार्ली किर्क के संदिग्ध हत्यारे को लेकर विवादित बयान दिया था। इस खबर ने सभी को हैरान कर दिया था। अब मनोरंजन जगत से एक बड़ी खबर आई कि जिमी का शो फिर से शुरू हो रहा है और वो वापसी कर रहे हैं।



## मौन साधना के लिए आना चाहती हैं भारत

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार जेनिफर एनिस्टन ने एक खास बातचीत में बताया कि वो चाहती हैं कि उनकी अगली भारत यात्रा आध्यात्मिकता पर फोकस हो। वो भारत में एक मौन साधना में भाग लेना चाहती हैं। साथ ही मेडिटेशन के एक्सपीरियंस की भी इच्छा जताई है। दुनियाभर में पॉपुलर सीरीज 'फ्रेंड्स' में रेचल ग्रीन का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस जेनिफर एनिस्टन चर्चा में हैं। उन्होंने खुलासा किया है कि वो इस बार स्प्रिचुअल एक्सपीरियंस के लिए भारत आना चाहती हैं। भारत में उनकी अगली जर्नी मेडिटेशन और मौन साधना को लेकर हो सकती है। जेनिफर एनिस्टन ने ये सारी बात, साथी कलाकार रीज विदरस्पून के साथ भारत से जुड़े अपने अनुभवों पर चर्चा करते हुए की। जेनिफर और रीज एक बार फिर 'द मॉर्निंग शो' के चौथे सीजन में लीड रोल में नजर आ रही हैं।



## रूमर्ड बॉयफ्रेंड राज के साथ आई नजर

**मुंबई।** सामंथा रुथ प्रभु काफी वक्त से अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड राज निदिमोरु के साथ रिश्ते को लेकर चर्चा में हैं। हालांकि, दोनों में से किसी ने अपने रिश्ते के बारे में कुछ नहीं कहा है। हाल ही में सामंथा को मुंबई के बांद्रा में मौजूद एक जिम में देखा गया। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में देखा जा सकता है कि उनके रूमर्ड बॉयफ्रेंड राज निदिमोरु पहले निकलते हुए दिखाई दिए। कुछ देर बाद अभिनेत्री बाहर निकलती हुई दिखाई दीं। वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। अभिनेत्री का नाम निर्देशक राज निदिमोरु के साथ जोड़ा जा रहा है। सामंथा ने उनके साथ कई फिल्मों में काम किया है। हाल ही में सामंथा ने दुबई से एक तस्वीर शेयर की थी। इस तस्वीर में उन्होंने एक शख्स का हाथ पकड़ा था।



## एआई से तैयार वीडियो पर जताई नाराजगी

**मुंबई।** अक्षय कुमार इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' को मिल रही प्रशंसा से उत्साहित हैं। इस बीच अब अभिनेता ने एआई से बनाई गई उनकी एक वीडियो पर नाराजगी जताई है। साथ ही इसको लेकर स्पष्टीकरण जारी करते हुए इस तरह की खबरों का खंडन करने की बात कही है। दरअसल, एक वीडियो में अक्षय को महर्षि वाल्मीकि की भूमिका में दिखाया गया है। अब अभिनेता ने सोशल मीडिया पर इन दावों का खंडन किया और इस तरह की छेड़छाड़ की गई सामग्री के तेजी से फैलते प्रसार पर चिंता व्यक्त की। अक्षय ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर इस मामले पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने लिखा, मुझे हाल ही में एक फिल्म के ट्रेलर के कुछ एआई-जनरेटेड वीडियो मिले हैं।

टीवी मसाला



## तान्या बनीं रानी तो अमाल ने खिलाया अपने हाथों से खाना

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' अपने धमाकेदार एपिसोड और कंटेस्टेंट्स की शानदार लाइन-अप से दर्शकों का दिल जीत रहा है। नया एपिसोड भी कुछ अलग नहीं रहा, क्योंकि इसमें कई मजेदार पल दिखाए गए। सबसे बड़ी चीजों में से एक, जिसने सबका ध्यान खींचा, वह था जब अमाल मलिक ने अवेज दरबार पर नकली फॉलोअर्स होने का आरोप लगाया। इसके बाद काफी कहा सुनी हुई। अब नए एपिसोड का प्रोमो भी आ गया है। साथी घरवालों के साथ बातचीत में, अमाल ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि अवेज के असली फॉलोअर्स हैं। मुझे लगता है कि 30 मिलियन में से 25 मिलियन फेक हैं क्योंकि मैंने देखा है कि उनका ट्रैक्शन कितना ज्यादा है। मैं उन्हें अपने गानों के प्रचार के लिए पैसे देता हूं और इसीलिए वह अब तक मुझसे नहीं लड़ रहे थे और अगर वह असली मर्द हैं, तो मेरे गानों का इस्तेमाल नहीं करेंगे।' इस बात को लेकर सोशल मीडिया पर भी बहस छिड़ गई है। शो के नए प्रोमो में तान्या मित्तल और अमाल मलिक घर के राजा-रानी बने हैं और शहबाज उन्हें पंखा हिलाकर हवा दे रहे हैं। जीशान ने भी तान्या को पानी पिलाया। प्रोमो में शहबाज तान्या को खाने की प्लेट दे रहे हैं। अमाल आकर अपने हाथों से खाना खिलाते हैं। शहबाज खड़े होकर पंखा हिलाते हैं। जीशान आकर उन्हें पानी पिलाते हैं। उन्हें शहबाज महाराजा के पिता कहते हैं। दूसरे प्रोमो में प्रणित अलग ही मूड में नजर आ रहे हैं। उनकी अमाल से लड़ाई हो जाती है।

### जया के सवाल से बिग बी की बोलती हो गई थी बंद

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन का शो 'कौन बनेगा करोड़पति' का 17वां सीजन भी दर्शकों का दिल जीत रहा है। हाल ही में सामने आए एक प्रोमो में लेटेस्ट एपिसोड की कुछ झलकियां नजर आ रही हैं। इनमें बिग बी ने बताया कि कैसे शो में जया के आते ही उनकी बोलती बंद हो गई थी। प्रोमो में शो में बतौर कंटेस्टेंट पल्लवी हॉट सीट पर नजर आ रही हैं। बिग बी से उन्होंने अपनी बेटियों को बुलाने की बात कही. पल्लवी की बेटियां



से अमिताभ ने बात भी। इस दौरान बिग बी पल्लवी की छोटी बेटी के ट्रेडिशनल आउटफिट और मोगरे के गजरे को देखकर खुश हो जाते हैं और बताते हैं कि उनकी पत्नी जया को भी गजरा पहनना बहुत पसंद है। शो के दौरान पल्लवी कहती हैं कि जब आप सामने होते हो तो हर कंटेस्टेंट्स अपने जवाब भूल जाता है और वह सही जवाब नहीं दे पाता। ये सुनते ही अमिताभ जया से जुड़ा किस्सा शेयर करते हैं और कहते हैं कि जो लोग शो देखते हैं, उन्हें पता है कि एक बार जया बच्चन होस्ट बनी थी और मैं कंटेस्टेंट् उस वक्त मेरी भी हालत बहुत खराब हो गई थी।

## इन बॉलीवुड फिल्मों में दिखता है सांकेतिक भाषा का महत्व

***नई दिल्ली।*** *भाषा केवल शब्दों तक सीमित नहीं होती, बल्कि संकेत भी उतने ही शक्तिशाली माध्यम हैं। यह उन लोगों के लिए वरदान है, जो सुनने-बोलने में सक्षम नहीं होते हैं। सिनेमाई दुनिया में ऐसी फिल्में बनी हैं, जिनमें इन संवेदनशील मुद्दों को दिखाया गया है।*

**कोशिश** : गुलजार के निर्देशन में साल 1972 में एक फिल्म आई 'कोशिश'। इस फिल्म में संजीव कुमार और जया भादुड़ी मुख्य भूमिका में थे। यह फिल्म एक मूक-बधिर जोड़े के संघर्षों पर आधारित है, जिसमें दिखाया जाता है कि वो संकेतों के जरिए बात करके अपना जीवनयापन करते हैं। यह फिल्म थी, जिसने शारीरिक विकलांगता को पर्दे पर दिखाने का काम किया था।

**खामोशी-द म्यूजिकल** : संजय लीला भंसाली के निर्देशन में साल 1996 में 'खामोशी द म्यूजिकल' फिल्म रिलीज हुई थी। इस फिल्म में सलमान खान, मनीषा कोइराला, नाना पाटेकर जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में थे। फिल्म की



कहानी में एक बधिर दंपती जोसेफ और फ्लेवी ब्रगेंजा हैं। उनकी एक बच्ची है एनी, जो नॉर्मल है। इस फिल्म में भी सांकेतिक भाषा का प्रयोग दिखता है।

**इकबाल** : नागेश कुकनूर द्वारा निर्देशित फिल्म इकबाल साल 2005 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी एक क्रिकेट खेलने वाले मूक-बधिर इकबाल की है, जिसके संघर्ष और जुनून की कहानी को दिखाया गया है। इसमें श्रेयस तलपड़े ने मुख्य भूमिका निभाई है। इस फिल्म को दो राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुके है।

**बर्फी** : रणबीर कपूर और प्रियंका चोपड़ा अभिनीत 'बर्फी' 2012 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में बर्फी नाम के लड़के की कहानी दिखाई गई है, जो मूक और बधिर है। एक दिन उसे श्रुति नाम की लड़की से प्यार हो जाता है। इसके बाद दोनों सांकेतिक भाषा में बात करते हैं और दोनों के बीच में प्यार गहरा हो जाता है। यह फिल्म दर्शकों को लुभाने का काम करती है।

## अधीरा में आमने-सामने होंगे कल्याण और सूर्या

***मुंबई।*** *शरण कोप्पिसेट्टी के निर्देशन में बन रही अपकमिंग तेलुगु फिल्म 'अधीरा' के निर्माताओं ने इसका पहला लुक जारी किया है। इसमें कल्याण दसारी और एसजे सूर्या को दिखाया गया है। पहला पोस्टर दर्शकों को रोमांचित कर रहा है। यह फिल्म आरकेडी स्टूडियोज के बैनर तले बन रही है। इसे आरके दुग्गल ने प्रस्तुत किया है और रिवाज रमेश दुग्गल इसके निर्माता हैं। पोस्टर में एक विशाल ज्वालामुखी फटता हुआ दिखाई दे रहा है, जिससे आसमान में आग फैल रही है। इस अफरा-तफरी के बीच एसजे सूर्या बदले हुए नजर आ रहे हैं। उनके आदिवासी कवच उन्हें बैल जैसे सींगों वाले एक राक्षस जैसा दिखा रहे हैं। उनके सामने कल्याण दसारी निडरता से घुटनों के बल बैठे हैं। उनकी आंखें खौफनाक लग रही हैं। उन्होंने खास तरह का वैज्ञानिक सूट पहना है। यह फिल्म कल्याण दसारी के अभिनय कॅरियर की शुरुआत है। उन्होंने अपकमिंग फिल्म 'दे कॉल हिम ओजी' का निर्माण किया है। '*



### मनपसंद सॉन्ग सुनने को मिल जाए तो दिल हो जाता है खुश

## वो कर्णप्रिय धुन, जिस पर पांच संगीतकारों ने बनाए ये गाने

***नई दिल्ली।*** *बॉलीवुड सॉन्ग दिल को सुकून देते हैं। आप कितने भी तनाव में हों, अगर कोई मनपसंद सॉन्ग सुनने को मिल जाए तो दिल खुश हो जाता है। टेंशन छू मंतर हो जाता है। वैसे तो हर फिल्म के गाने और उनकी धुन अलग होती है, लेकिन बॉलीवुड में एक धुन ऐसी है, जिस पर 10 गाने बने। इन गानों को लोगों ने बहुत पसंद किया। इन गानों को आपने जरूर सुना होगा।*

### ठंडी हवाएं, लहराके आएं

1951 में आई फिल्म नौजवान संगीतकार एसडी बर्मन ने म्यूजिक दिया था। इस फिल्म की एक धुन पर 11 गाने बनाए गए। गाने के बोल थे : 'ठंडी हवाएं, लहराके आएं..'. गाने के आवाज दी थी लता मंगेशकर ने। फिल्म का डायरेक्शन महेश कौल ने किया था। फिल्म में प्रेमनाथ, नलिनी जयवंत, यशोधरा काटजू, कमल मेहरा, जेब कुरैशी, एसएन बनर्जी नजर आए थे। फिल्म का म्यूजिक एसडी बर्मन ने दिया था। गीतकार साहिर लुधियानवी थे। इस धुन से प्रेरित होकर दूसरे संगीतकारों ने भी गाने बनाए। फिर चाहे वो संगीतकार रोशन हों या राम लक्ष्मण, या मदन मोह. एसडी बर्मन के बेटे आरडी बर्मन ने तो चार बार इस धुन का इस्तेमाल अलग-अलग फिल्मों में किया।. इसका खुलासा भी आरडी बर्मन ने ही अपने एक इंटरव्यू में किया था।




### नगमा हमारा गाएगा ये जमाना

पांचवीं बार यही धुन 1976 में आई फिल्म 'बंडलबाज' में सुनने को मिली थी। गाने को आवाज रफी-लता ने दी थी। गीत के बोल थे : नगमा हमारा गाएगा ये जमाना। फिल्म के डायरेक्टर शम्मी कपूर थे। म्यूजिक आरडी बर्मन ने दिया था। एक तरह से आरडी बर्मन ने अपने पिता की धुन में थोड़ा बहुत बदलाव करके नया गाना बना दिया। राजेश खन्ना, शम्मी कपूर और सुलक्षणा पंडित फिल्म में नजर आए थे। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर उतनी सफल नहीं रही थी।

### रहें ना रहें हम महका करेंगे बनके कली...

1966 में संगीतकार रोशन ने एक फिर से इस धुन का इस्तेमाल अपनी एक और फिल्म में किया। फिल्म थी : ममता. गाने के बोल थे : 'रहें ना रहें हम, महका करेंगे, बनके कली...' । असित सेन ने फिल्म को डायरेक्ट किया था। सुचित्रा सेन, धर्मेंद्र और अशोक कुमार इस फिल्म में अहम भूमिकाओं में थे। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत सफल रही थी। यह गाना फिल्म में दो बार रखा गया था। एक बार लता मंगेशकर की आवाज में सोलो सॉन्ग और दूसरी बार मोहम्मद रफी-सुमन कल्याणपुर का ड्यूट सॉन्ग। यह चौथा मौका था जब एक ही धुन पर कोई गाना बना।

### तेरा दिल कहां है, सब कुछ यहां है...

1954 में 'चांदनी चौक' में इस धुन का इस्तेमाल करके फिर से एक गाना बनाया गया। 'चांदनी चौक' का डायरेक्शन बीआर चोपड़ा ने किया था। फिल्म में मीना कुमारी लीड रोल में थी। म्यूजिक रोशन ने दिया था। उन्होंने एसडी बर्मन की धुन में थोड़ा सा फेरबदल करके म्यूजिक कंपोज किया। गाने को आवाज आशा भोसले ने दी थी। गाने के बोल थे : 'तेरा दिल कहां है, सब कुछ यहां है।' इस गाने की शुरुआती धुन 'ठंडी हवाएं, लहराके आएं...' से ही प्रेरित थी।

### यही है तमन्ना, तेरे घर के सामने

तीसरी बार इसी धुन पर एक सॉन्ग 1964 में आई फिल्म 'आपकी परछाइयां' में सुनाई दी। फिल्म में धर्मेंद्र, शशिकला, ओम प्रकाश और सुप्रिया चौधरी नजर आए थे। मोहन कुमार ने फिल्म का डायरेक्शन किया था। म्यूजिक मदन मोहन ने दिया था। इस फिल्म का एक गाना 'यही है तमन्ना, तेरे घर के सामने, मेरी जान जाए, मेरी जान जाए....' नौजवान मूवी के सॉन्ग से ही प्रेरित था। इस गाने को आवाज मोहम्मद रफी ने दी थी।

## खबर संक्षेप

### स्वच्छताकर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण व दवा वितरण

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर के 15 वार्डों में सफाई करने वाले कर्मचारियों का मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवा वितरण किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहित सतपथी, उपाध्यक्ष उमेश साव, सीएमओ ललित साहू, सब इंजीनियर दुर्गेश मालाकार सहित अन्य लोग मौजूद रहे। जानकारी के मुताबिक उक्त स्वच्छताकर्मी प्रतिदिन वार्डों में जाकर कचरा उठाते हैं और उसे निर्धारित स्थान पर पहुंचाते हैं। इस बीच वे गंदगियों के संक्रमण में आकर बीमार हो सकते हैं। इस तथ्य के मद्देनजर इनका स्वास्थ्य परीक्षण करा कर उन्हें दवा वितरण किया गया।

### प्रशासन का फैसला, रात 11 बजे तक पूजा, मंडप बंद

**राउरकेला।** नगर प्रशासन, जिला पुलिस और सभी दुर्गा पूजा समितियों की बैठक सिविक सेंटर राउरकेला में आयोजित की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पूजा, मंडप रात 11 बजे तक बंद होंगे ताकि दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके। साथ ही विसर्जन शोभायात्रा में डीजे बंद रखने का भी सुझाव दिया गया है। बैठक में पश्चिमांचल डीआईजी बृजेश कुमार राय की अध्यक्षता में एडीएम दीना दस्तगीर, राउरकेला एसपी नितेश वाधवानी, पानपोश उपजिलाधिकारी विजय कुमार नायक, अतिरिक्त एसपी हरेकृष्ण माझी आरके साहू और श्रावणी नायक प्रमुख रूप से उपस्थित थे। डीआईजी कार्यालय के डीएसपी रामराय मुर्मु ने स्वागत भाषण दिया। ज़ोनल डीएसपी योगेश्वर पांडा ने बैठक का उद्देश्य समझाते हुए उपस्थित पूजा समिति सदस्यों से सुझाव लिए। बैठक में भारी भीड़ वाले बालुघाट विसर्जन घाट को ध्यान में रखते हुए लुआकेरा में दूसरा घाट निर्माण करने का प्रस्ताव भी रखा गया। वहीं बंडामुंडा और फर्टिलाइज़र सेक्टर सहित कई सड़क मार्गों की खराब स्थिति और स्ट्रीट लाइट की अनुपस्थिति को लेकर पूजा समिति सदस्यों ने प्रशासन से तत्काल सुधार की मांग की। डीआईजी और अन्य अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि जनता और समिति के सुझावों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा यातायात और प्रकाश व्यवस्था का प्रबंध समय रहते किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रात 11 बजे तक पूजा पंडाल बंद रखने से सुरक्षा सुनिश्चित होगी और किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से बचा जा सकेगा। पुलिस अधिकारियों ने यह भी कहा कि केवल पूजा ड्यूटी में तैनात कर्मियों को ही पंडाल में रहने की अनुमति होगी और रात में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से प्रभावी रहेगी। प्रशासन ने जनता और समिति से सहयोग की अपील की है ताकि इस बार की दुर्गा पूजा शांति, सुरक्षा और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके।

### गायत्री मंदिर पुसौर में नवरात्रि का आयोजन

**पुसौर।** गायत्री मंदिर पुसौर में धूमधाम से नवरात्रि पर्व मनाया जा रहा है। 22 सितंबर की सुबह 5 बजे से अखण्ड दीप प्रज्ज्वलित किया गया है, जिसकी पूर्णाहुति 2 अक्टूबर को संस्कारों व यज्ञ के साथ संपन्न होगी। तहसील मुख्यालय पुसौर में वर्ष 1992 में स्थापित गायत्री मंदिर में प्रत्येक नवरात्रि पर्व दीप प्रज्वलन कर अपने अभिष्ट की प्राप्ति का प्रचलन है, जिसमें लोग बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते रहे हैं। इसमें विकासखंड के 148 गांवों के लोग तन मन धन से सहयोग व आस्था रखते रहे हैं। इस आस्था को शक्तिपीठ से नामित करते हुए गायत्री शक्तिपीठ की संज्ञा दी गई है। बसन्त पंचमी के अवसर पर वार्षिकोत्सव कलश यात्रा के साथ पंच कुण्डीय गायत्री यज्ञ के साथ मनाया जाता है।


### महतारी सदन से मिलेगा महिला सशक्तिकरण को नया आयाम

# मुख्यमंत्री ने किया वर्चुअल लोकार्पण रायगढ़ को मिले तीन महतारी सदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने धमतरी जिले के ग्राम करेलीबाड़ी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से वर्चुअल रूप से प्रदेशभर में 51 महतारी सदनों का लोकार्पण किया। इनमें रायगढ़ जिले के तीन महतारी सदन भी शामिल हैं। इसी क्रम में पुसौर विकासखंड के ग्राम गढ़उमरिया में आयोजित लोकार्पण समारोह में वित्त मंत्री ओपी चौधरी शामिल हुए और 24.70 लाख रुपए की लागत से निर्मित महतारी सदन का विधिवत शुभारंभ किया।

इस अवसर पर वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए सतत कार्य कर रही है। महतारी सदन न केवल महिलाओं के लिए सामूहिक गतिविधियों और सामाजिक कार्यक्रमों का केंद्र होगा, बल्कि यह महिला सशक्तिकरण की नई पहचान बनेगा। उन्होंने राज्य की सभी बहनों को इस योजना की बधाई दी और विश्वास जताया कि यह पहल ग्रामीण महिलाओं के सामाजिक आर्थिक सशक्तिकरण में मील का पत्थर सिद्ध होगी।





### उत्कृष्ट कार्यों के लिए महिलाएं हुई सम्मानित

कार्यक्रम में वित्त मंत्री श्री चौधरी ने लखपति दीदी, पशु सखी और विभिन्न योजनाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने गढ़उमरिया की महिलाओं को लखपति दीदी से मिलियनर दीदी बनने की ओर बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार ने अल्प समय में ही कई ऐतिहासिक कार्य किए हैं। किसानों को 2 साल का बकाया बोनस एकमुश्त दिया गया, धान खरीदी 21 क्विंटल प्रति एकड़ की सीमा तक 3100 रुपए प्रति क्विंटल में की जा रही है। पीएम आवास योजना के तहत 18 लाख आवास की स्वीकृत हुए जिसके तहत केवल गढ़उमरिया ग्राम पंचायत में ही 270 आवास स्वीकृत हुए हैं। भूमिहीन कृषक मजदूरों को सहायता राशि दी जा रही है। उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रतिमाह 70 लाख से अधिक महिलाओं को लाभ मिल रहा है। महतारी शक्ति ऋण योजना के तहत महिलाओं को बिना मॉर्टगेज 25 हजार रुपए तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे वे स्वरोजगार और आजीविका के नए अवसर सृजित कर रही हैं।

### इन विकासखंडों को मिली महतारी सदन की सौगात

जिला पंचायत सीईओ जितेंद्र यादव ने बताया कि रायगढ़ जिले में महतारी सदन निर्माण योजना के अंतर्गत तीन महतारी सदनों का निर्माण क्रमशः पुसौर विकासखंड के ग्राम गढ़उमरिया, घरघोड़ा विकासखंड के ग्राम छर्राटांगर और लैलूंगा विकासखंड के ग्राम भुईयापानी में कराया गया है। प्रत्येक भवन की लागत 24.70 लाख रुपये है, जिसमें हॉल, कमरा, किचन, स्टोर, दुकान, बाउंड्रीवाल, प्रसाधन और बोरवेल जैसी सुविधाएँ निर्मित की गई हैं। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती हेमलता चौहान, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती भाग्यवती नायक, श्रीमती पूनम सोलंकी, रत्थू गुप्ता, संदीप पंडा, खितेश्वर गुप्ता, पावन अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## नाला पार करते समय बह गई कार, बाल-बाल बचे चार लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

तेज बारिश के कारण नदी नाला उत्थान पर हैं। बुधवार सुबह एक कार जलमग्न नाला को पार करते समय बह गई। कार में चार लोग सवार थे, चारों बाल-बाल बच गए। बताया जाता है कि किंकारी नाला पर वर्षों पुराना एक छोटा पुल है, जिसमें लोग आवागमन करते हैं। वहीं इसी के पास में बड़ा पुल का निर्माण हो रहा है, जो विगत 4 साल से अधूरा पड़ा है।

प्रशासन की लापरवाही के कारण अधूरे पुल होने पर लोग अक्सर जलमग्न पुल के ऊपर आवागमन करने को मजबूर होते हैं। यही हादसा एक बार फिर बुधवार को सुबह 8 बजे देखा गया। छत्तीसगढ़ और ओडिशा को जोड़ने वाली किंकारी नाला में 4 फीट पानी पुल के ऊपर बह रही है। किसी भी प्रकार की कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने के कारण लोग जान जोखिम में डालकर पुल को पार कर रहे हैं। इसी क्रम में बरमकेला की ओर से ओडिशा जा रही एक स्विफ्ट कार तेज बहाव के कारण नाला में बह गई। कार में चार लोग सवार थे। चारों बाल-बाल बच गए, लेकिन कार का अभी तक कोई पता नहीं चला है।

### 4 साल से अधूरा है पुल का निर्माण

बरमकेला बड़े नवापारा मार्ग होते हुए ओडिशा को जोड़ने वाली ग्राम खोरी गांव व विक्रम पाली के बीच किंकारी नाला पर नवीन पुल का निर्माण अब तक अधूरा है। इससे लोगों को आवागमन में समस्या का सामना करना पड़ रहा है। वर्ष 2021 से कछुआ गति से चल रहे निर्माण के कारण यहां की वैकल्पिक पुलिया वही पुराना पुल है।

## दो करोड़ की ऑनलाइन ठगी मामले में तीन गिरफ्तार

**राउरकेला।** राउरकेला पुलिस ने एमएसक्यू ऐप से 2 करोड़ रुपए की ऑनलाइन ठगी के एक बड़े मामले में मुख्य साजिशकर्ता अशोक बड़ाईक समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कई दस्तावेज, सिम कार्ड, मोबाइल फोन, डेबिट कार्ड और पैन कार्ड भी जब्त किए हैं।

जानकारी के अनुसार यह गिरोह एमएसक्यू नामक ऐप का उपयोग कर लोगों को धोखाधड़ी का शिकार बना रहा था। आरोपी विभिन्न प्रकार के फ्रॉड के माध्यम से निवेशकों और आम नागरिकों से भारी रकम हड़प रहे थे। बुधवार की दोपहर में एसपी नितेश वाधवानी ने बताया की इस ठगी की शिकायत मिलते ही विशेष जांच दल के माध्यम से आरोपियों की पहचान की और बुधवार की सुबह एक सघन छापेमारी के दौरान उन्हें गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जब्त किए गए दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अगले जांच और साक्ष्य संग्रह में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कहा कि यह गिरोह लंबे समय से सक्रिय था और उनकी कार्रवाई से कई लोग आर्थिक रूप से प्रभावित हुए हैं। जांच अधिकारी ने बताया कि आरोपियों के नेटवर्क और अन्य सहयोगियों की भी पहचान की जा रही है, और जल्द ही उनके खिलाफ अतिरिक्त गिरफ्तारी और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ठगी के शिकार लोगो ने पुलिस की कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा इस तरह की तेज और निर्णायक कार्रवाई से लोगों में सुरक्षा और भरोसे की भावना बढ़ेगी। राउरकेला पुलिस का कहना है कि ऑनलाइन धोखाधड़ी पर कोई समझौता नहीं होगा और वह लगातार ऐसे मामलों की रोकथाम और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रखेगी। बता दें की दो दिन पहले सोमवार को बड़ी संख्या में ठगी के शिकार निवेशक एसपी ऑफिस पहुंच कर न्याय की गुहार लगाई जिसे एसपी ने गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की। अब देखना है की निवेशकों का पैसा वापस मिलता है या नहीं।

■ पुलिस ने एमएसक्यू ऐप घोटाले का किया पर्दाफाश

### जेएसडब्लू के जीएम को जान से मारने की धमकी, छग क्रांति सेना का सदस्य गिरफ्तार

**अकलतरा।** जेएसडब्लू पावर प्लांट के जीएम को गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दे दी गई। प्लांट में नौकरी देने के नाम पर फोन कर धमकाया गया। मामले में पुलिस ने धमकी देने वाले छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के सदस्य को गिरफ्तार कर लिया है। अकलतरा थाना क्षेत्र के तरौद में जे एस डब्लू पावर प्लांट संचालित है। प्लांट में जीएम जितेंद्रपति त्रिपाठी को फोन कर गाली गलौच करते हुए नौकरी देने की मांग की गई। नौकरी नहीं मिलने पर जान से मारने धमकी दी गई।जेएसडब्ल्यू केएसके पावर प्लांट के जीएम जितेंद्रपति त्रिपाठी ने थाना अकलतरा में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई। जितेंद्रपति त्रिपाठी ने पुलिस को बताया कि छ.ग. क्रांति सेना के सदस्य धनंजय सिंह द्वारा 5 सितंबर को मोबाइल से फोन कर कंपनी में नौकरी देने की बात कही गई। इस पर उन्होंने अपने अधीनस्थ स्टॉप से बात करने के लिए बोला। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि नौकरी की रिक्ति होगी तो दिया जाएगा नहीं होगा तो नहीं दिया जाएगा। इस बात को सुनकर धनंजय सिंह ने अश्लील गाली गलौच करते हुए धमकाना शुरू कर दिया। साथ ही नौकरी नहीं देने पर जान से मार देने की धमकी दी। जितेंद्रपति त्रिपाठी की रिपोर्ट पर अकलतरा पुलिस ने 427/25 धारा 296,351 (2), 308(4) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया।

## गांजा तस्कर की 15 लाख की संपत्ति कोर्ट से फ्रीज

**रायगढ़।** रायगढ़ पुलिस ने नशा तस्करों पर सख्त रुख अपनाते हुए एनडीपीएस एक्ट के मामले में जेल में बंद अंतरराज्यीय गांजा तस्कर भागवत साहू निवासी ग्राम पिहरीद, थाना सक्ती, जिला सक्ती की अवैध संपत्ति पर एक और कठोर कार्रवाई की है।

आरोपी द्वारा गांजा तस्करी से कमाई गई करीब 15 लाख रुपए से अधिक की राशि को सफेमा कोर्ट, मुंबई महाराष्ट्र से फ्रीज कराया गया है। इस आदेश के बाद न्यायालय के निर्णय तक आरोपी अपनी इस संपत्ति का कोई लेनदेन नहीं कर सकेगा। यह जिले में पहली बार है जब पुलिस ने इस तरह की कार्रवाई की है। ज्ञात हो कि कि अगस्त 2024 में जूटमिल पुलिस ने अंतरराज्यीय गांजा तस्करी के बड़े रैकेट का खुलासा किया था, जिसमें सरगना भागवत साहू समेत 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 175 किलो गांजा, 4 फोरव्हीलर, 6 मोबाइल फोन, 7500 रुपए नकद समेत करीब 72 लाख की संपत्ति जब्त की थी और आरोपियों के खिलाफ चालान न्यायालय में पेश किया गया था अभी भी तस्कर भागवत साहू जेल में निरुद्ध है। पुलिस ने यहीं पर कार्रवाई रोकने के बजाय आरोपी की अवैध संपत्ति पर भी शिकंजा कसा। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक प्रशांत राव द्वारा प्रकरण तैयार कर आरोपी के बैंकिंग लेनदेन और अन्य दस्तावेजों के आधार पर 19 अगस्त को सक्षम अधिकारी एवं प्रशासक कार्यालय नारकोटिक्स सफेमा कोर्ट मुंबई में मामला पेश किया गया। न्यायालय ने पाया कि आरोपी की पत्नी के पास आय का कोई वैध स्रोत नहीं है और खाते में जमा रकम गांजा तस्करी से अर्जित की गई है। इस पर 15 सितंबर को न्यायालय ने आदेश जारी कर आरोपी की पत्नी के बैंक खातों में जमा 15 लाख 7 हजार 686 रुपए को फ्रीज कर दिया है।

### शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर रास्ता रोककर मारपीट

**अकलतरा।** रास्ता रोककर शराब पीने के लिए पैसे की मांग करने एवं नहीं देने पर गाली गलौच करते हुए मारपीट करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस संबंध में अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अकलतरा निवासी गिरधारी टण्डन 23 सितंबर को सुबह 10 बजे कन्या शाला अकलतरा के पास पहुंचा था। उसी समय आरोपी गजेन्द्र दास मानिकपुरी आया और उससे शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगा। गिरधारी टण्डन द्वारा पैसा नहीं होने की बात कहने पर तैश में आकर अश्लील गाली गलौच करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर थाना अकलतरा में धारा 296,115(2),119 (1) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। सूचना रिपोर्ट पर थाना प्रभारी भास्कर शर्मा के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई।

## रेलवे ट्रैक पर दर्दनाक हादसा दो सगे भाइयों की मौत

**राउरकेला।** बीती रात राउरकेला रेलवे स्टेशन के समीप एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। रेलवे लाइन पार करते वक्त वीरमित्रपुर पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से दो सगे भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई।

मृतकों की पहचान हरिपुर बस्ती, बसंती कॉलोनी निवासी रंजन पात्र 18 वर्ष और उसके छोटे भाई जगन पात्र 15 वर्ष के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रंजन उदीतनगर स्थित एक होटल में अपनी मां के साथ काम करता था। मंगलवार शाम करीब साढ़े 8 बजे दोनों भाई अपनी बहन को मोबाइल दुकान से लाने घर से निकले। बहन को सुरक्षित घर छोड़ने के बाद वे फिर मोबाइल की मरम्मत कराने उदीतनगर दुकान पर पहुंचे। रात करीब साढ़े 9 बजे मरम्मत कर लौटते समय दोनों ने रेलवे ट्रैक पार करने की कोशिश की तभी बारसुंआ से वीरमित्रपुर जा रही पैसेंजर ट्रेन ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे घटना स्थल पर ही दोनों की मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों ने तुरंत परिजनों और रेलवे पुलिस को सूचना दी। राउरकेला रेलवे पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए राउरकेला सरकारी अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

■ मोबाइल की मरम्मत कर घर लौटते समय पैसेंजर ट्रेन ने ली जान

## प्रदेशाध्यक्ष के रायगढ़ आगमन को लेकर साहू समाज की बैठक

**रायगढ़।** साहू समाज के नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष निरेन्द्र साहू के प्रथम रायगढ़ आगमन की तैयारियों को लेकर जिला साहू संघ अध्यक्ष डिग्रीलाल साहू की अध्यक्षता में साहू कर्माभवन, मरीन ड्राइव रायगढ़ में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के पदाधिकारियों ने व्यापक रूप से चर्चा करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा तय की। अध्यक्ष डिग्रीलाल साहू ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत समारोह 25 सितंबर को शासकीय किरोड़ीमल पॉलिटेक्निक कॉलेज के आडिटोरियम में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। इसके पूर्व अटल चौक जूटमिल क्षेत्र से एक भव्य बाइक रैली निकालकर प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत किया जाएगा। साथ ही रात्रि में सत्यनारायण बाबा धाम में प्रदेशाध्यक्ष के साथ विशेष दर्शन एवं पूजन अर्चन का आयोजन भी किया जाएगा। अध्यक्ष डिग्रीलाल साहू ने कहा कि समाज के इस ऐतिहासिक आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में समाजजन जुड़कर इसे सफल बनाएं। बैठक में मुख्य रुप से समाज के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहें।



### शर्मा कृषि केंद्र तमनार व ट्रॉपिकल एग्रो इंडिया द्वारा किसान सम्मेलन आयोजित

**तमनार।** रायगढ़ जिले के तमनार तहसील में शर्मा कृषि केंद्र तमनार एवं ट्रॉपिकल एग्रो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा 23 सितम्बर को भव्य किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें तमनार के सभी ग्रामों से पांच सौ से अधिक किसानों की उपस्थिति रही। किसान सम्मेलन में किसानों उत्साह एवं सक्रिय सहभागिता से सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। यह सम्मेलन न केवल ज्ञानवर्धन का मंच बनाए बल्कि आपसी संवाद और अनुभवों के आदान प्रदान का भी सशक्त माध्यम रहा। सभी की उपस्थिति ने इस आयोजन को सार्थकता प्रदान की। कृषि क्षेत्र में नवाचार सतत विकास और किसान हितैषी नीतियों को लेकर जो चर्चाएं हुईं, वे निश्चित रूप से भविष्य में सकारात्मक बदलाव लाएंगी।

(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
गुर्दे की पथरी का दर्द
सबसे भयानक दर्दों में से एक है। जिसे कोई भी व्यक्ति अनुभव कर सकता है।
इसके लक्षण कारण और उपाय जानने के लिए संपर्क करें
24 Hours Helpline 9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

SHREE NARAYANA HOSPITAL Quality Health Care for All..
यूरोलॉजी विभाग
• किडनी एवं पेशाब की थैली, अंडकोष एवं प्रोस्टेट कैंसर
• किडनी स्टोन का ईलाज (लेजर/ऑपरेशन द्वारा)
• प्रोस्टेट सर्जरी (दूरबीन एवं ऑपरेशन द्वारा)
• यूरेथ्रोप्लास्टी • किडनी इन्फेक्शन
• लिंग में तनाव की कमी (Erectile Dysfunction)
परामर्श हेतु - सोमवार से शनिवार, समय : 10.00 से 5.00 बजे तक
डॉ. संदीप अग्रवाल MS,DNB ( Uro Surgery)
देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.) www.snh.org.in 9300373737

स्वामी जी-93406-38884
तिरुपति बालाजी दर्शन हेतु दिसंबर यात्रा के लिए VIP टिकट की बुकिंग 20 सितंबर से पहले अवश्य करवा लें। समय पर बुकिंग करने से आपको बिना किसी परेशानी के दिव्य दर्शन का लाभ मिलेगा।
By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, पद्मनादम् स्वामी, सुन्द्रेश्वर महादेव,
यात्रा दिनांक 26 अक्टूबर 2025 09 नवंबर 2025 07 दिसंबर 2025 21 दिसंबर 2025 10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
25 सितंबर 2025 तक बुकिंग कराने पर
31 सीटें शेष
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007 श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411

TOP IN RAIGARH
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

कमर, जांघ, ऑर्म, वक्ष स्थल
शरीर के अन्य हिस्सों का वेज़र द्वारा लाइपोसक्शन
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.